

मैं खेलने के लिए तैयार हूं

# कोरोना के चलते मिले ब्रेक से तरोताजा हुए एरॉन फिंच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। कोरोना वायरस के कारण मिले ब्रेक ने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच को अपने करियर का पुनरू आकलन करने का समय दिया और अब उनका लक्ष्य अपने करियर को भारत में 2023 में होने वाले एकदिवसीय वर्ल्ड कप तक आगे बढ़ाना है। फिंच ने कहा कि वह 2023 में विश्व कप के फाइनल में खेलकर अपने करियर का शानदार अंत करने का लक्ष्य बना रहे हैं। एसईएन रेडियो नेटवर्क ने फिंच के हवाले से कहा, इस समय मेरे करियर खत्म करने की तारीख भारत में 2023 में होने वाले एकदिवसीय वर्ल्ड कप के फाइनल के साथ है। यह मेरा लक्ष्य है और मैं इस पर कायम हूं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से मैंने इसे ही लक्ष्य बनाया है। मैं तब तक 36 साल का हो जाऊंगा, बेशक फॉर्म, चोटों और अन्य चीजों की भी इसमें भूमिका रहेगी। दाएं हाथ के 33 साल के बल्लेबाज फिंच ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण पांच महीने के ब्रेक ने उन्हें तरोताजा कर दिया है और अब उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की अगली तीन बड़ी प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई करना है, जो 2021 और 2022 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप और 2023 में होने वाला एकदिवसीय वर्ल्ड कप है।

फिंच ने कहा, साल में 10 या 11 महीने यात्रा करने वाले खिलाड़ियों के लिए यह ब्रेक मानसिक रूप से तरोताजा होने की तरह था, जिसकी संभवतः लोगों को जरूरत थी लेकिन वे ऐसा नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कहा, अगर मैं तब तक खेलने के बारे में सोच रहा था तो इस ब्रेक ने पुष्टि की है कि मैं तब तक खेलने के लिए तैयार हूं। फिंच और ऑस्ट्रेलिया 6 महीने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेंगे, जबकि टीम अगले महीने 3–टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी।

# पीएम मोदी के कहने पर फिर टीम इंडिया में लौटेंगे धोनी

क्रिकेट

## पाकिस्तान के लिए इमरान खान ने भी किया था ऐसाः शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी ने भले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है लेकिन पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लगता है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व भारतीय कप्तान से अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का अनुरोध कर सकते हैं। धोनी आईसीसी की तीनों ट्रॉफी जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं।

उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में पहला वर्ल्ड टी20 जीता था। इसके बाद 2011 में 50 ओवर वर्ल्ड कप और 2013 में चौंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही 2010 और 2016 का एशिया कप भी भारत ने धोनी की कप्तानी में जीता था। 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद 39 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने 350 वनडे इंटरनैशनल, 90 टेस्ट और



98 टी20 इंटरनैशनल मुकाबले खेले हैं। धोनी के नाम तीनों प्रारूपों में मिलाकर 17,266 रन हैं। एक यूट्यूब चौनल बोल वसीम पर अख्तर ने कहा कि 2021 का टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का फैसला एक खिलाड़ी का अपना होना चाहिए।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह (धोनी) टी20 वर्ल्ड कप खेल सकते थे। जिस तरह भारत अपने सितारों का सम्मान करता है, उन्हें पहचान देता है, उसे देखते हुए मैं कह सकता हूं कि वे धोनी को टी20 में जरूर खिलाते। लेकिन यह खिलाड़ी की अपनी पसंद होती है।

अख्तर ने आगे कहा, लेकिन फिर वही बात, धोनी सब कुछ जीत चुके हैं। रांची से आए एक खिलाड़ी ने सारे भारत को झूमने पर मजबूर कर दिया और क्या चाहिए। आखिर में यह मायने रखता है कि दुनिया आपको याद करे। और भारत जैसा देश आपको कभी नहीं भूलने देगा।

रावलपिंडी एक्सप्रेस ने कहा, आप प्रधानमंत्री को न नहीं कह सकते। अख्तर को यह भी लगता है कि धोनी को एक शानदार फेयरवेल मिलना चाहिए था। 45 वर्षीय इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, श्भारत धोनी को एक फेयरवेल मैच देने के लिए तैयार हो जाएगा, मेरा यकीन करें। अगर वह खुद नहीं चाहते तो अलग बात है लेकिन भारत तैयार होगा। उनके आखिरी एक–दो टी20 मैचों को देखने के लिए पूरा स्टेडियम भरा होगा।

धोनी ने भारत के लिए आखिरी बार 2019 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वह सितंबर से आईपीएल में चेन्नै सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

# धोनी हमेशा नतीजों से भावनात्मक रूप से अलग रहते थेः लक्ष्मण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि नतीजों से भावनात्मक रूप से अलग रहने ने महेंद्र सिंह धोनी की सफलता में बड़ी भूमिका निभाई। धोनी ने भारतीय क्रिकेट में बड़ी विरासत छोड़ते हुए शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

मैदान पर अपने धैर्य के लिए पहचाने जाने वाले धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सभी ट्रॉफियां जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने 15 अगस्त को इंस्टाग्राम पर बेहद संक्षिप्त शब्दों में संन्यास लेने की घोषणा की। लक्ष्मण ने शानदार सफलता के लिए भारतीय टीम के अपने पूर्व साथी को बधाई दी। लक्ष्मण



ने स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट कनेक्टेड' पर कहा, 'मुझे हमेशा से लगता है कि भारत की कप्तानी करना संभवत किसी के लिए भी सबसे कड़ी चुनौती है क्योंकि दुनिया भर में सभी की आपसे इतनी अधिक उम्मीदें होती हैं। लेकिन महेंद्र सिंह धोनी कभी नतीजों से भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ा रहा।'

उन्होंने कहा, 'उसने खेल प्रशंसकों को ही नहीं बल्कि लाखों भारतीयों को प्रेरित किया और बताया कि किस तरह का आचरण करना चाहिए और कैसे अपने देश का दूत बनना चाहिए, सार्वजनिक जीवन में खुद को कैसे रखना चाहिए। और यही कारण है कि वह इतना सम्मानित है।' लक्ष्मण ने कहा कि इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने आचरण और खेल के प्रति योगदान से भविष्य की पीढ़ियों के लिए उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट प्रशंसकों का प्यार आपकी क्रिकेट उपलब्धियों के लिए मिलता है लेकिन सम्मान इस चीज से मिलता है कि आपका आचरण कैसा रहा।' लक्ष्मण ने कहा, 'अगर आप सोशल मीडिया पोस्ट देखें तो सिर्फ पूर्व खिलाड़ियों या क्रिकेट प्रशंसकों ने ही टिप्पणी नहीं की बल्कि सभी भारतीयों ने की जिसमें फिल्मी सितारे, जाने माने उद्योगपति, राजनेता शामिल रहे।'

## कैरेबियाई प्रीमियर लीग के पहले दिन नरेन और राशिद चमके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तारोबा। सुनील नरेन और राशिद खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत उनकी टीमों ने यहां कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के पहले दिन जीत के साथ शुरुआत की। त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 17 ओवर के मुकाबले में ग्याना एमेजन वारियर्स को चार विकेट से हराकर उसके लगातार 11 जीत के क्रम को तोड़ा जबकि बारबडोस ट्राइडेंट्स ने मंगलवार को यहां ब्रायन लारा अकादमी में सेंट किट्स एवं नेविस पेट्रियट को छह रन से हराया। पहले मैच में नरेन ने 28 गेंद में 50 रन की पारी खेलने के अलावा चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके बाद ब्रावो बंधुओं डेरेन (30) और ड्वेन (नाबाद छह) ने ग्याना के खिलाफ दो गेंद शेष रहते त्रिनबागो को जीत दिलाई। वॉरियर्स के लिए शिमरोन हेटमायर ने सिर्फ 44 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली। बारिश के कारण 17 ओवर के मैच में कीरोन पोलार्ड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया और पिछले साल के सीपीएल के शीर्ष स्कोरर ब्रेंडन किंग खाता खोले बिना ही पविलियन लौट गए। नाइट राइडर्स के स्पिनर इसके बाद हावी रहे। रोस टेलर (33) ने सातवें ओवर में टूर्नामेंट का पहला छक्का जड़ा।

## न्यूज डायरी



### युजवेंद्र चहल की मंगेतर धनाश्री वर्मा का एक और वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युजवेंद्र चहल की मंगेतर धनाश्री वर्मा का इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो धमाल मचा रहा है। इस धनाश्री ने सुखविंदर के गाए गाने पैरों में घुंघरू की बिजुरिया पर अपने डांस का जलवा दिखाया है। दरअसल धनाश्री ने इस डांस के जरिए अपनी आगामी ऑनलाइन डांस क्लास के लिए कोरियोग्राफी का डेमो फेश किया है। पेशे से डॉक्टर धनाश्री एक प्रफेशनल यूट्यूबर, डांसर और कोरियोग्राफर भी हैं। वह इन दिनों लॉकडाउन में डांस की ऑनलाइनल क्लासेज प्रोवाइड कर रही हैं।
इस डांस वीडियो को पोस्ट करते हुए उन्हें वीडियो के कैप्शन में लिखा, श्रविवार 23 अगस्त को होने वाली कोरियोग्राफी वर्कशॉप के लिए छोटी से झलक। जूम ऐप के जरिए धनाश्री यह ऑनलाइन क्लास देंगी, जिसके लिए इसे जॉइन करने वालों को 399 रुपये पे करने होंगे। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर धनाश्री ने यह भी बताया है कि इस बार अपनी क्लास में वह इसी सॉन्ग पर डान्स सिखाएंगी।

### मैंने सौरभ से कहा था कि इसके बैट में जान हैः सचिन तेंडुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम 2007 की गर्मियों में इंग्लैंड के दौरे पर थी। उस दौरे के ठीक बाद टीम को पहले वर्ल्ड टी20 के लिए साउथ अफ्रीका जाना था। यह चर्चा पहले से थी कि सचिन तेंडुलकर समेत भारतीय टीम के कई घ्सीनियर प्लेयर इस फॉर्मेट में खेलने पर अनिच्छा जाहिर कर चुके हैं। इसलिए बीसीसीआई ने एक युवा टीम को साउथ अफ्रीका भेजने का फैसला लिया था।
इस बात पर मंथन चल रहा था कि टीम की कमान किसे सौंपी जाए। इंग्लैंड में पांचवें वनडे से ऐन पहले तब के बीसीसीआई प्रेजिडेंट लीड्स पहुंचे थे। उस मैच में भारत की जीत के बाद शरद पवार पहले पूरी टीम से मिले। उसके बाद काफी देर तक उनकी और सचिन की अकेले में बात हुई। कहते हैं कि पवार चाहते थे कि सचिन वर्ल्ड टी20 में टीम की अगुआई करें। हालांकि बात नहीं बनी तो उन्होंने कप्तानी के लिए बेस्ट खिलाड़ी के लिए सचिन का सुझाव मांगा। सचिन ने तब महेंद्र सिंह धोनी का नाम सुझाया।

### ऐड से सालाना 150 करोड़ कमाते हैं एमएस धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंटरनैशनल क्रिकेट से एमएस धोनी की रिटायरमेंट से उनके फैन्स काफी दुखी हुए हैं। रिटायरमेंट के बाद खिलाड़ियों की कमाई पर भी असर पड़ता है। उन्हें बोर्ड से ऐक्टिव खिलाड़ियों जितना पैसा नहीं मिलता और विज्ञापनों से होने वाली कमाई भी सीमित हो जाती है। लेकिन क्या धोनी के मामले में भी ऐसा होगा? जब अपने करियर के शुरुआती दिनों में धोनी ने अपना पहला विज्ञापन साइन किया था तो यह कोई पेय पदार्थ या स्पोर्ट्स शूज का नहीं बल्कि यह एक साबुन का ऐड था। कर्नाटक की एक साबुन बनाने वाली कंपनी कर्नाटक सोप्स ऐंड डिटर्जेंट लिमिटेड के मैसूर सैंडल सोप को धोनी ने प्रमोट किया था। हालांकि जल्दी ही यह डील खत्म हो गई। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र बताते हैं कि धोनी प्रत्येक ब्रैंड के साथ डील करने का करीब 5 करोड़ लेते हैं। वर्तमान में वह ब्रैंड्स से करीब 150 करोड़ की कमाई करते हैं।

### टी20 सीरीज के लिए अजहर महमूद इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त से शुरू हो रही 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि 45 साल के महमूद ओल्ड ट्रैफर्ड में जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण में होने वाली सीरीज में इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच जॉन लुईस का सहयोग करेंगे। अब ब्रिटिश नागरिक महमूद पिछले साल तक मिकी ऑर्थर के नेतृत्व में पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प तीन मैचों की सीरीज में क्रिस सिल्वरवुड की जगह मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ब्रेक दिया गया है। सहायक कोच पॉल कोलिंगवुड उनका सहयोग करेंगे।